# रामेश्वर यादव दंगल प्रतियोगिता के बने चैम्पियन

## रामलीला मैदान बैढ़न में सीजन-7 का अंतरराष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता का हुआ समापन, सांसद, विधायक ने खिलाड़ियों को वितरित किया पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 मार्च। अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता सीजन-7 के आज दूसरे दिन रविवार को देश-विदेश के नामी पहलवानों ने बैढ़न की धरती पर अपने दमखम का प्रदर्शन किया। आज दूसरे दिन खेल का शुभारंभ कलेक्टर गौरव बैनल एवं एसपी मनीष खत्री ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। प्रतियोगिता के अंतिम में रामेश्वर यादव भारत केसरी एवं ईरान के इरफान शेख के बीच जोरदार संघर्ष हुआ, अंत में इरफान शेख ने हार मान लिया। जहां रामेश्वर यादव विजेता घोषित किये गये।**



दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के समापन दिवस पर रामलीला मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो देर शाम तक जमी रही। समापन अवसर पर सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रविवार की दोपहर से देर शाम तक चले मुकाबलों में पहलवानों के दांव-पेंच देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। इधर आज रविवार को अंतराष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता के दूसरे अंतिम दिन पहला मुकाबला: हिटलर पहलवान-बनारस ने पंडित थापा वर्मा -नेपाल को हराया। दूसरा मुकाबला: बाबा नागेंद्रदास-अयोध्या ने बिक्षा पहलवान-हरियाणा पर जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला: बाबर पहलवान-अजमेर ने तूफान पहलवान राजस्थान को पराजित किया। चौथा मुकाबला: पागल बाबा-अयोध्या और पंकज पहलवान का मैच बराबरी पर छूटा। पांचवां मुकाबला: अमरेश शाह-सिंगरौली ने मोहम्मद जामू-सितरपुर को हराया। छठा मुकाबला: नीरज शाह-सिंगरौली ने अमरेन्द्र शाह-सतना को पराजित किया। सातवां मुकाबला-महिला आकांक्षा उत्तराखंड ने मुस्कान-कानपुर को हराया। आठवां मुकाबला: देवा-आगरा और चिमचिम ढोगरा के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा।



नौवां मुकाबला: पंकज -बनारस ने शिवराज-प्रयागराज को हराया। दसवां मुकाबला: धरम-सिंगरौली व जियान-सीतामढ़ी के बीच कोई नतीजा नहीं निकला। वहीं दंगल प्रतियोगिता में स्थानीय व बाहरी पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। महिला पहलवानों की भागीदारी ने भी दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

### मैदान के बाहर भाई-चारा का संदेश दें : रामनिवास

सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने संबोधित करते हुये कहा कि दंगल का यह संदेश है कि खेल के मैदान में एक-दूसरे के विरूद्ध पटखनी देने का प्रयास करते हैं और जीत के लिए हर संभव कोशिश करते हैं, लेकिन जैसे ही मैदान के बाहर खिलाड़ी आते हैं, गले लगाते हुये आपस में मिलते हैं और प्रेम भाई-चारा दिखाते हैं। दंगल का यह संदेश है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने खेल को बढ़ावा देने का काम कर रहे थे। उन्होंने दंगल खेल प्रतियोगिता की जमकर तारीफ की है।

### कात्यायनी ने पूनम को दी शिकस्त

11 मुकाबला महिला: कात्यायनी-सिंगरौली ने पूनम-कानपुर को हराया। 12 मुकाबला: रिया-मेरठ व रोशनी चौहान-सिंगरौली का मैच बिना परिणाम समाप्त हुआ। 13 मुकाबला: मोनिका मिश्रा कानपुर ने नेपाल की पहलवान ने हराया। 14 मुकाबला: पागल बाबा-अयोध्या ने पश्चिम बंगाल के पहलवान को पराजित किया। 15 मुकाबला: फैजन गनी-चित्रकूट ने मुन्ना टाइगर-हरियाणा को हराया। 16 मुकाबला: राहुल पाण्डेय-हरिद्वार व राजू थापा-नेपाल का मैच बराबरी पर रहा। 17 मुकाबला: मोहम्मद रिजवान गनी-जम्मू ने कटप्पा-केरल को हराया। 18 मुकाबला: बिल्ला-राजस्थान व अमन-मेरठ का मुकाबला बराबरी पर छूटा। 19 मुकाबला: हर्षित सिंह-सीधी व अमरेश शाह-सिंगरौली के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। 20 मुकाबला: कुलदीप-मथुरा व विक्की गोरखपुर का मैच बराबरी पर समाप्त हुआ। 21 मुकाबला: अमन ईरान ने जगरूप हरियाणा को हराया। 23 मुकाबला: शास्त्री-हरिद्वार व कुलदीप हरियाणा के बीच कोई नतीजा नहीं निकला। 24 मुकाबला महिला: आकांक्षा कानपुर व वैशाली-दिल्ली का मैच बराबरी पर रहा। 25 मुकाबला: बाबर पठान -दिल्ली व कुलदीप-हरियाणा के बीच नतीजा नहीं निकला। 26 मुकाबला: अभिनव-सिंगरौली व बिरबल-धतूरा का मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

## एक नजर में

### होली पर्व पर 4 मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित



**सिंगरौली।** होली पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन ने स्थानीय अवकाश की तिथि में संशोधन करते हुए 4 मार्च दिन बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह आदेश कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा जारी किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार पूर्व में घोषित अवकाश की तिथि में परिवर्तन कर नई तिथि निर्धारित की गई है। कलेक्ट्रेट कार्यालय से जारी आदेश से यह स्पष्ट किया गया है कि होलिका दहन एवं रंगपंचमी से संबंधित पर्व को देखते हुए जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि जिले में होली का पर्व 3 एवं 4 मार्च को उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। स्थानीय परिस्थितियों एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### झटका तार के करंट से मासूम बालिका की मौत

**सिंगरौली।** अमलोरी के बस्ती में दर्दनाक हादसा सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार यहां हृदय लाल कहार की मासूम पुत्री कल्पना कहार की झटका तार का करंट लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्ची घर के पीछे गई थी, जहां खेत में झटका तार लगा था और उसी के चपेट में आने से मौत हो गई। खेत में गिरी बालिका को देख पड़ोसियों ने परिजनों को सूचना दी और जा कर देखा कि बालिका कल्पना झटका तार के चपेट में थी। घटना की सूचना नवानगर पुलिस को दी गई, जहां पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करने में जुट गई है। वहीं हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और बस्ती में मातम पसरा हुआ है। झटका तार लगाये जाने को लेकर अब कार्रवाई की मांग भी शुरू हो गई है।

# गनियारी बस्ती में कीड़ों युक्त पानी से हड़कंप, पार्षद को भेजा वीडियो

## क्या दूषित पानी पिलाने का इरादा है? ननि पर फूटा गुस्सा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 मार्च। नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 41 स्थित गनियारी बस्ती में आज दिन रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब नलों से कीड़ों युक्त गंदा पानी सप्लाई होने लगा। पानी में तैरते कीड़ों को देखकर मोहल्लेवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर पार्षद को भेजा और तत्काल शुद्ध एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने की मांग की।**



मोहल्लेवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि क्या नगर निगम का इरादा जहरयुक्त, कीड़ा युक्त पानी पिलाने का है? उनका कहना है कि पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा में इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। लोगों ने इंदौर जिले में पूर्व में दूषित पानी से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि क्या वहां की घटनाओं से भी नगर निगम ने कोई सबक नहीं लिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब गंदा पानी सप्लाई हुआ हो। कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर परिवारों में चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इधर ननि आयुक्त सविता प्रधान द्वारा पूर्व में शहरवासियों को शुद्ध एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने का संकल्प जताया गया था। उन्होंने निगरानी के लिए अधिकारियों को भी तैनात करने की बात कही थी। बावजूद इसके गनियारी बस्ती में कीड़ा युक्त पानी मिलने से निगम के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। फिलहाल पूरे वार्ड में आक्रोश व्याप्त है और लोग प्रशासन की ठोस कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# मनरेगा में फर्जी हाजिरी का बड़ा खुलासा : जीआरएस को नोटिस

## जिपं सीईओ की कार्रवाई, एनएमएमएस पोर्टल पर एक ही फोटो से दर्ज की गई कई श्रमिकों की उपस्थिति, उपयंत्री अभिषेक विश्वकर्मा जिपं अटैच

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 मार्च। जिपं सिंगरौली द्वारा जारी आदेश के तहत देवसर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठदहा में मनरेगा योजना अंतर्गत अमृत सरोवर चटनिहा नाला में तालाब निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता उजागर हुई है।**

प्रथम दृष्टया में मिला कि एनएमएमएस नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने के दौरान एक ही श्रमिक की फोटो को अलग-अलग नामों से बार-बार अपलोड किया गया। शासन की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक श्रमिक की उपस्थिति उसकी वास्तविक समय की फोटो के माध्यम से दर्ज की जानी चाहिए, किंतु यहां प्रक्रिया का उल्लंघन पाया गया। प्रथम दृष्टया यह मामला फर्जी हाजिरी दर्ज कर भुगतान प्राप्त करने से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। ग्राम पंचायत कठदहा के ग्राम रोजगार सहायक तुलसी प्रसाद जायसवाल एवं उपयंत्री अभिषेक विश्वकर्मा की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जिपं सीईओ द्वारा उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए




स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देशित किया। आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध म.प्र. पंचायत सेवा नियमों के तहत निलंबन, वेतन रोकने अथवा सेवा समाप्ति जैसी कठोर विभागीय कार्रवाई के साथ शासन की राशि के दुरुपयोग की स्थिति में वसूली की कार्रवाई भी की जा सकती है। वहीं उपयंत्री अभिषेक विश्वकर्मा को जिपं दफ्तर अटैच कर दिया गया है।

### 1 लाख 72 हजार भुगतान जांच के दायरे में

जारी आदेश में उल्लेख है कि 27 जनवरी से 2 फरवरी 2026 की अवधि के मस्टर रोल क्रमांक 30298 से 30309 तक कुल 11 मस्टर रोल में 110 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की गई। प्रत्येक मस्टर रोल में 15 हजार 660 रुपये के हिसाब से कुल 1 लाख 72 हजार 260 रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। आरोप है कि एनएमएमएस पोर्टल पर अपलोड की गई तस्वीरों और वास्तविक उपस्थिति में अंतर पाया गया है। इस कारण संबंधित भुगतान की प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई है और वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। वहीं पूरे प्रकरण में कार्रवाई जिपं सीईओ के निर्देश पर की गई है। सीईओ, जनपद पंचायत देवसर को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है। साथ ही कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा जनपद पंचायत देवसर को निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# होलिका दहन में उपलों एवं गौकाष्ठ के उपयोग पर बल

**सिंगरौली 1 मार्च (एनबीएन)।** कलेक्टर गौरव बैनल ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, थाना प्रभारियों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुरूप जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए होलिका दहन में लकड़ियों के स्थान पर गो-काष्ठ और गोबर के उपलों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा है कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से प्रयास किये जायें की होलिका दहन में लकड़ी की जगह उपलों और गौकाष्ठ का प्रयोग हो।

# रेडक्रॉस के चेयरमैन की वैवाहिक वर्षगांठ पर 25 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 मार्च। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एवं होटल सत्या इंटरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर एसडी सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा सिंह द्वारा अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का होटल सत्या इंटरनेशनल में आयोजित किया गया।**

शिविर में होटल एवं उनके प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों सहित अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कुल 25 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रहण




किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान एवं उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर एसडी सिंह ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। विशेष रूप से कई युवाओं द्वारा प्रथम बार रक्तदान किए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के सचिव डॉ. ओपी राय, ब्लड सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ.आरडी द्विवेदी, प्रबंध समिति सदस्य जीपी सिंह तथा आजीवन सदस्य शिवेंद्र पांडेय, अमित राज, अमरदीप भारुका, महाराणा प्रताप सिंह, डॉ. भानु प्रताप सिंह एवं राजन जॉर्ज सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित ब्लड सेंटर की ओर से हरिशंकर गुप्ता, जय प्रकाश दुबे, स्टाफनर्स शिवानी सिंह, रेशमा खातून, रामकली रजक एवं अन्य सहयोगी कर्मचारियों ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दिन में भी दौड़ रहे राखड़ से लदे वाहन, गनियारी मार्ग पर बढ़ा प्रदूषण

## मोहल्लेवासी रातभर धमा-चौकड़ी से परेशान, सड़क हो रही क्षतिग्रस्त, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अमला व जिम्मेदार अधिकारी मौन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 मार्च। जिले में राखड़ परिवहन को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात में तो भारी वाहन चलते ही हैं, लेकिन अब दिन के समय भी राखड़ से लदी गाड़ियां बेधड़क गनियारी मार्ग से गुजर रही हैं।**

बलियरी एश डाइक से लगातार राखड़ का परिवहन हो रहा है, जिससे गनियारी मार्ग पर धूल और प्रदूषण का स्तर बढ़ गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि



भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार के कारण रातभर धमा-चौकड़ी मची रहती है। लोगों को नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है और कई परिवार घरों के बाहर बैठने को मजबूर हैं। धूल के गुब्बारों से बच्चों और बुजुर्गों को सांस संबंधी परेशानियां भी होने लगी हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक ठोस इंतजाम नहीं हो सके हैं। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अमला और संबंधित जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में मौन नजर आ रहे हैं। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क भी क्षतिग्रस्त होती जा रही हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर राखड़ परिवहन पर नियंत्रण लगाने और वैकल्पिक मार्ग सुनिश्चित करने की मांग की है।

# होलिका दहन कल, रंग-गुलालों का त्यौहार होली 4 को

## नगर व कस्बों की बाजारें रंग-गुलाल और पिचकारियों से सजीं, गूंजने लगे फाग गीत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 मार्च। इस वर्ष होलिका दहन 3 मार्च को किया जाएगा, जबकि 4 मार्च को रंगों के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर नगर सहित कस्बों की बाजारें पूरी तरह सज चुकी हैं।**

दुकानों पर रंग-गुलाल, अबीर, पिचकारियां, रंगीन गुब्बारे और विभिन्न प्रकार के होली सामग्री की बिक्री जोरों पर है। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है, वहीं व्यापारी भी अच्छे कारोबार की



उम्मीद जता रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक होली का रंग अभी से चढ़ने लगा है। जगह-जगह फाग और पारंपरिक होली गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। मोहल्लों में युवा ढोलक की थाप पर गीतों का अभ्यास कर रहे हैं। गांवों में चौपालों पर होलिका दहन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महिलाएं घरों में गुजिया, पापड़ और अन्य पारंपरिक पकवानों की तैयारी में जुट गई हैं, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का रंग घुल गया है।



# नाली निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप

नवभारत न्यूज

**सरई 1 मार्च। स्थानीय नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 गुलाबी गुप्ता के घर से रोहित के घर तक करीब 820 मीटर लम्बाई की करीब 38 लाख रूपये की लागत से नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन रहवासियों का आरोप है कि नाली निर्माण कार्य निर्धारित प्राकलन के अनुसार नही कराया जा रहा है।**

यहां के रहवासियों का आरोप है कि नप के उपयंत्री से लेकर संविदाकार की संलिप्तता है, जिसके चलते गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है। कार्यस्थल पर सूचनापटल भी गायब है और रेत के जगह पर स्टोन-भस्सी एवं घटिया रेत का इस्तेमाल किया जा रहा है। रहवासियों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# मारपीट और प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने की थी आत्महत्या, आरोपी गिरफ्तार

## निगाही एनसीएल कॉलोनी की घटना, मर्ग जांच में खुला प्रताड़ना का राज, धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज, थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 मार्च। थाना नवानगर अंतर्गत एनसीएल कॉलोनी निगाही के एमक्यू 433, सेक्टर-6 में एक महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। लगातार मारपीट एवं मानसिक प्रताड़ना से त्रस्त होकर महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।**

नवानगर थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल के अनुसार 27 फरवरी को धारा 194 बीएनएसएस के तहत सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने जांच प्रारंभ की। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया तथा साक्ष्य संकलित किए गए। गवाहों के कथन लेखबद्ध किए गए। जांच के दौरान परिस्थिति जन्य साक्ष्यों से ज्ञात हुआ कि मृतिका फूलमती बसोर उम्र 35 वर्ष, निवासी दसौती



निगाही परियोजना में ठेकेदारी कार्य से जुड़े संदीप बत्तूला के पास कार्य करती थी। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी संदीप बत्तूला उम्र 39 वर्ष द्वारा मृतिका के साथ बीते कुछ समय से मारपीट एवं मानसिक प्रताड़ना की जा रही थी। 26 फरवरी को आरोपी महिला को जबरन मोटरसाइकिल से अपने निवास एमक्यू 433, सेक्टर-6 एनसीएल कॉलोनी निगाही ले गया। वहां कथित रूप से लगातार उत्पीड़न से त्रस्त होकर महिला ने रात्रि लगभग 12:30 बजे आरोपी के निवास के दूसरे कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौके पर कमरे में शराब की बोतलें भी बरामद हुई थी, तभी से पुलिस का शक गहरा गया था।

### आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में

विवेचना के आधार पर आरोपी का कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर कायम किया गया। थाना प्रभारी डॉ. अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी का जिला चिकित्सालय बैढ़न में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया तथा उसे न्यायालय बैढ़न में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।